दिन– बुधवार

दिनांक– 01 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।

अवधि– 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ–आर.एस.एस. के शताब्दी समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि आर.एस.एस. राष्ट्र निर्माण के लिए कार्यरत है। उन्होंने कहा कि सौ वर्ष पहले आज ही के दिन एक संगठन के रूप में आर.एस.एस. की स्थापना मात्र एक संयोग नहीं था, बल्कि यह हजारों वर्षों से चली आ रही एक परंपरा का पुनरुत्थान था। इस अवसर पर श्री मोदी ने एक विशेष स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया।

———————————————————————

भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो दर को पांच दशमलव पांच प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने का निर्णय लिया है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने आज मुंबई में चालू वित्तीय वर्ष की चौथी द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा की। उन्होंने कहा कि मौद्रिक नीति समिति ने सर्वसम्मति से नीतिगत रेपो दर को अपरिवर्तित रखने का फैसला किया। श्री मल्होत्रा ने कहा कि आरबीआई ने ब्याज दरों को अपरिवर्तित रखा है। वहीं, आरबीआई ने चालू वित्तीय वर्ष के लिए अपने सकल घरेलू उत्पाद के वृद्धि अनुमानों को संशोधित कर छह दशमलव आठ प्रतिशत कर दिया है। वहीं, चालू वित्तीय वर्ष के लिए मुद्रास्फीति का अनुमान भी दो दशमलव छह प्रतिशत रखा है, जो पहले के अनुमान से कम है।

———————————————————————

केंद्र सरकार ने पात्र कर्मचारियों, पूर्व सेवानिवृत्त कर्मचारियों और दिवंगत पूर्व सेवानिवृत्त कर्मचारियों के कानूनी रूप से विवाहित जीवनसाथी के लिए एकीकृत पेंशन योजना–यूपीएस के लिए विकल्प चुनने की अंतिम तिथि दो महीने बढ़ाकर इस वर्ष तीस नवंबर कर दी है। पहले अंतिम तिथि कल तक निर्धारित थी।

———————————————————————

शारदीय नवरात्र के अंतिम दिन आज देवी दुर्गा के नौवें स्वरूप माँ सिद्धिदात्री की पूजा–अर्चना की जा रही है। मान्यताओं के अनुसार माँ का यह स्वरूप सिद्धियों को प्रदान करने वाला होता है। कई स्थानों पर आज कन्या पूजन का अनुष्ठान भी किया जा रहा है। इस अवसर पर राजधानी पटना समेत प्रदेश के विभिन्न शक्तिपीठों, मंदिरों और पूजा पंडालों में पूजा–अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी हुई हैं। कल विजयादशमी का त्योहार मनाया जाएगा।

———————————————————————————

दुर्गा पूजा के अवसर पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि दुर्गा पूजा का त्योहार हमें उच्च आदर्शों को धारण करने और शाश्वत जीवन मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में प्रदेशवासियों से सांप्रदायिक और सामाजिक सद्‌भाव बनाए रखने की अपील की है।

———————————————————————————

दुर्गा पूजा के मद्‌देनजर पूरे प्रदेश में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। सभी जिलों में अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती की गयी है। संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जा रही है। असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए पूजा पंडालों के पास सादी वर्दी में सुरक्षा कर्मी तैनात किये गये हैं। स्वास्थ्य विभाग ने सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से लेकर सभी मेडिकल कॉलेज अस्पताल को अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिया है।

———————————————————————————

बंगाल की खाड़ी में एक निम्न दबाव का क्षेत्र बनने के कारण प्रदेश में कल से सात अक्टूबर तक बारिश की परिस्थितियां बनी रहेगी। मौसम विभाग ने कहा है कि इस अवधि में राज्य के पूर्वी और उत्तरी भागों में कुछ स्थानों पर भारी से अत्यंत भारी बारिश की संभावना है। इधर, विभाग ने आज किशनगंज और कटिहार जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

———————————————————————————

बेगूसराय सदर प्रखंड के वनद्वार मुसहरी गांव में डायरिया से अब तक सात लोगों की मौत हो चुकी है। हमारे संवाददाता ने बताया कि मरने वालों में पांच बच्चे

शामिल हैं। इधर, स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रभावित मुहल्ले में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। चिन्हित मरीजों में छब्बीस इलाज के बाद पूरी तरह स्वस्थ हो चुके हैं, जबकि तीन का इलाज चल रहा है।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।